# कार्यालय जिला पंचायत राज अधिकारी, एटा।

पत्रांक 3113 /7–पं0/स्व0भा0मि0(ग्रा0)/सामु0शौ0/के0टे0भु0/2023–24 दिनांक 02/03/2024

समस्त सहायक विकास अधिकारी (पं0)
द्वारा सम्बन्धित खण्ड विकास अधिकारी
जनपद– एटा।

विषयः– **सामुदायिक शौचालय की कियाशीलता एवं व्यवस्थित रख–रखाव की सूचना विभागीय पी0आर0डी0 फाइनेन्स पोर्टल पर उपलब्ध कराये जाने के सम्बन्ध में।**

मिशन निदेशक महोदय, स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) उ0प्र0 के कार्यालय पत्र संख्या 5/1909/2023–5/127–III/2022 लखनऊ दिनांक 28 दिसम्बर, 2022 का सन्दर्भ ले, जिसके माध्यम से निर्मित कराये गये सामुदायिक शौचालयों के सम्बन्ध में जनप्रतिनिधियों द्वारा रख–रखाव, समय से न खुलने तथा केयर टेकर को मानदेय एवं साफ–सफाई आदि के लिये भुगतान किये जाने के सम्बन्ध में शिथिलता बरते जाने की शिकायम मा0 मुख्यमंत्री जी से की गयी है। जिसके कम में मा0 मुख्यमंत्री जी द्वारा रोष प्रकट करते हुये प्रदेश में निर्मित सभी सामुदायिक शौचालयों के सुव्यवस्थित संचालन किये जाने के निर्देश दिये गये है।

इस सम्बन्ध में विभाग के पोर्टल https://prdfinance.up.gov.in पर **''सामुदायिक शौचालय के रख रखाव हेतु SHG हैंड ओवर एवं भुगतान का विवरण''** नाम से माड्यूल गत वर्ष उपलब्ध कराया गया था, जिसे प्रत्येक माह अद्यतन किया जाना था, परन्तु विगत कई माह से उक्त माड्यूल को अपडेट नही किया जा रहा है। जिस कारण शासन स्तर की समीक्षा के दौरान अद्यतन स्थिति से अवगत कराया जाना सम्भव नही हो पा रहा है। जो कि अत्यन्त ही खेदजनक है।

अतः आपको निर्देशित किया जाता है कि आप अपने–अपने विकास खण्ड की ग्राम पंचायतों में निर्मित सामुदायिक शौचालयों को समय से खोलने तथा केयर टेकर का मानदेय, साफ–सफाई हेतु भुगतान एवं विभाग के पोर्टल https://prdfinance.up.gov.in पर **''सामुदायिक शौचालय के रख रखाव हेतु SHG हैंड ओवर एवं भुगतान का विवरण''** को 03 दिवस के भीतर अपडेट कराना सुनिश्चित करे।

(कृष्ण कुमार सिंह चौहान)
जिला पंचायत राज अधिकारी
एटा।

पत्रांक 3113 /7–पं0/स्व0भा0मि0(ग्रा0)/सामु0शौ0/के0टे0भु0/2023–24 दिनांक 02/03/2024

प्रतिलिपिः– निम्नांकित को सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. मिशन निदेशक महोदय, स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) उ0प्र0 के कार्यालय पत्र संख्या 5/1909/2023–5/127–III/2022 लखनऊ दिनांक 28 दिसम्बर, 2022 के कम में सादर सूचनार्थ प्रेषित।
2. जिलाधिकारी महोदय एटा की सेवा में सादर अवलोकनार्थ प्रेषित।
3. मुख्य विकास अधिकारी महोदय एटा की सेवा में सादर सूचनार्थ प्रेषित।
4. मण्डलीय उपनिदेशक (पं0) महोदय अलीगढ मण्डल अलीगढ।
5. समस्त खण्ड विकास अधिकारी जनपद एटा को सूचनार्थ प्रेषित।
6. समस्त सहायक विकास अधिकारी जनपद एटा को सूचनार्थ प्रेषित।

जिला पंचायत राज अधिकारी
एटा।

Scanned with OKEN Scanner

# कार्यालय जिला पंचायत राज अधिकारी, एटा।

पत्रांक 3092/7–पं0/स्व0भा0मि0(ग्रा0)/सामु0शौ0भु0/2024–25 दिनांक 21/12/024

समस्त सहायक विकास अधिकारी (पं0)
जनपद– एटा।

विषयः– **स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के अन्तर्गत निर्मित सामुदायिक शौचालयों को नियमित रूप से खोले जाने के संबंध में।**

निदेशक महोदय, पंचायतीराज, उ0प्र0 के पत्र संख्या– 5/1887/2024–5/127/2018 SBM(G) लखनऊ दिनांक 20 दिसम्बर, 2024 के द्वारा जनपद की ग्राम पंचायतों में निर्मित सामुदायिक शौचालयों को खोले जाने हेतु समय प्रातः 05:00 बजे से 10:00 बजे तक तथा सायं 04:00 बजे से 08:00 बजे तक निर्धारित करते नियमित रूप से खोले जाने के निर्देश दिये गये है।

अतः उक्त निर्देशों के क्रम में आपको निर्देशित किया जाता है कि आप अपने–अपने विकास खण्ड की ग्राम पंचायतों में निर्मित सामुदायिक शौचालयों को शासन द्वारा निर्धारित समयानुसार नियमित रूप से खुलवाना सुनिश्ति करे।

(के0के0 सिंह चौहान)
जिला पंचायत राज अधिकारी
O/C एटा।

पत्रांक 3092/7–पं0/स्व0भा0मि0(ग्रा0)/सामु0शौ0भु0/2024–25 दिनांक 21/12/024
प्रतिलिपिः– निम्नांकित को सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. निदेशक महोदय, पंचायतीराज, उ0प्र0 को सादर सूचनार्थ प्रेषित।
2. जिलाधिकारी महोदय एटा की सेवा में सादर अवलोकनार्थ प्रेषित।
3. मुख्य विकास अधिकारी महोदय एटा की सेवा में सादर सूचनार्थ प्रेषित।
4. समस्त खण्ड विकास अधिकारी जनपद एटा को सूचनार्थ प्रेषित।

जिला पंचायत राज अधिकारी
O/C एटा।

Scanned with OKEN Scanner